भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या1002**

दिनांक 04.03.2015/13 फाल्गुन, 1936 (शक) को उत्तर के लिए

**विमानपत्तनों पर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कार्मिकों की कमी**

**1002. डॉ0 टी.एन. सीमाः**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई, बेंगलुरु और कोलकाता विमानपत्तनों के सभी टर्मिनलों पर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कितने कार्मिक तैनात हैं और इन विमानपत्तनों पर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा औसतन कितने यात्रियों को सेवाएं प्रदान की जाती हैं;

(ख) क्या सरकार के ध्यान में यह बात आई है कि देश के विभिन्न विमानपत्तनों और विशेषकर महानगरों के विमानपत्तनों में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कार्मिकों की भारी कमी है और हाल में और अधिक कार्मिकों की मांग की जाती रही है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या-क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री किरेन रिजिजू)**

**(क): ब्यौरा नीचे दिया गया है:-**

**<pre>**

| हवाई अड्डा | स्वीकृत पद संख्या | प्रतिदिन औसत यात्री भार |
|---|---|---|
| दिल्ली | 4653 | 101033 |
| मुम्बई | 3996 | 88278 |
| चेन्नई | 1216 | 35332 |
| कोलकाता | 1264 | 27672 |
| बेंगलुरु | 1488 | 35257 |

**</pre>**

**(ख) और (ग): वर्तमान में कार्य संचालन के लिए विमानपत्तनों पर तैनात केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की जनशक्ति पर्याप्त है।**

-----